# University in News on 18 August 2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लखनऊ विश्वविद्यालय : स्नातक आवेदन की अंतिम तारीख समाप्त

# 20 तक जमा कराएं अपने दस्तावेज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख सोमवार को समाप्त हो गई। स्नातक और स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को 20 अगस्त तक अपने दस्तावेज विवि की वेबसाइट पर अपनी लॉगइन आईडी का उपयोग करके अपलोड करने होंगे। विवि में पीजी, बीपीएड, एमपीएड और एमएड में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 24 अगस्त तय की गई है। वहीं डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में 31 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है।



छात्रों को अपने दस्तावेज विवि की वेबसाइट पर करने होंगे अपलोड

### घर बैठे होगी काउंसलिंग

*लविवि ने प्रवेश परीक्षा ही नहीं बल्कि काउंसलिंग के लिए भी भीड़ न जुटाने का फैसला किया है। इसके तहत इस साल स्नातक की काउंसलिंग पूरी तरह से ऑनलाइन ऑफ कैंपस होगी। अभ्यर्थी को काउंसलिंग के लिए कैंपस नहीं आना होगा। विवि के पोर्टल पर अपने विकल्प भरकर वे काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। काउंसलिंग के बाद उन्हें फीस भी ऑनलाइन जमा करनी होगी।*

### ये प्रमाणपत्र करने होंगे अपलोड

*12वीं या स्नातक की मार्कशीट की इंटरनेट कॉपी, कैटेगरी सर्टिफिकेट, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट, आय (इनकम) सर्टिफिकेट, एनसीसी सर्टिफिकेट, खेल सर्टिफिकेट, स्वतंत्रता सेनानी सर्टिफिकेट, विवि कर्मचारी वार्ड सर्टिफिकेट, वार्ड ऑफ़ कॉलेज टीचर सर्टिफिकेट, रक्षा कार्मिक आश्रित प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र।*

लविवि में आवेदन फॉर्म जारी करने के समय दाखिले प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने थे। कोरोना संक्रमण को देखते हुए लविवि प्रशासन ने इस बार अपने स्नातक दाखिले 12वीं के नंबर के आधार पर करने का फैसला किया है। इसके लिए अभ्यर्थियों को विवि के पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ऐसा न करने पर अभ्यर्थी को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। परास्नातक पाठ्यक्रमों के संबंध में अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। इनके दाखिले की प्रणाली पर फैसला बाद में होगा। लविवि में इस समय स्नातक की करीब 3200 सीटें हैं। प्रवेश समिति ने इस साल 10 फीसदी बढ़ी सीटों पर दाखिले लेने का फैसला किया है। प्रवेश समिति के अन्य फैसले के अनुसार इस साल से बीए में शिक्षाशास्त्र विषय आवंटित नहीं होगा। इसी तरह लविवि प्रशासन ने एलएलबी ऑनर्स की मांग को देखते हुए अपनी सीट बढ़ाने का फैसला किया है। इस साल से लविवि में 120 के बजाय 160 सीटों पर दाखिले होंगे। विवि में इस समय 60-60 सीटों के दो सेक्शन संचालित हैं। जिन्हें बढ़ाकर अब 80-80 किया गया है।

## स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ाने को जब वीसी भी बन गए कवि

लखनऊ। लविवि के सांख्यिकी विभाग की पहल पर शुरू हुए ओपन स्टूडेंट आवर (ओएसएच) के एक साल पूरे हो गए। इस मौके पर ओएसएच की ओर से एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर लविवि वीसी प्रो. आलोक कुमार राय मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने स्टूडेंट्स के प्रयासों, उनकी कविताओं की सराहना के साथ-साथ खुद कविताएं पढ़ीं। कार्यक्रम की शुरुआत ओएसएच की वार्षिक पत्रिका ओज तरंग के विमोचन से हुई। कुलपति ने अंग्रेजी साहित्य विभाग की प्रोफेसर रानू उनियाल द्वारा रचित पुस्तक द डे वी वेन्ट स्ट्राबेरी पिकिंग इन स्कारबौरो की दो कविताओं का पाठ किया। इस दौरान ओएसएच की संस्थापिका प्रो. शीला मिश्रा, विज्ञान संकाय की डीन तृप्ता दिवेदी, सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव पांडेय, कानपुर के सीएमओ डॉ. अनिल मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान आईजीआईएम के सह आचार्य डॉ. सत्यदेव के कविता पाठ ने सबको रोमांचित किया।



कविता पाठ करते वीसी प्रो. आलोक कुमार राय

## डॉ. सेठी बने केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में डॉ. अरुण सेठी को केमिस्ट्री विभाग का नया विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. सेठी को प्रो. नवीन खरे का विभागाध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्ति तीन साल के लिए है।

## पूर्व छात्र एसोसिएशन को रूम आवंटित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने 100वें साल में विवि के पूर्व छात्रों को जोड़ने की शुरुआत की है। इसके लिए संकाय के डीन डॉ. आलोक कुमार की ओर से पत्र जारी किया गया है।

NBT PAGE 6

# एलयू : पीजी में 24 तक करें आवेदन

ऐडमिशन अलर्ट

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी कोर्सेज में आवेदन की तारीख सोमवार को समाप्त हो गई है। यूजी में 3500 सीटों पर प्रवेश के लिए करीब 50 हजार आवेदन आए हैं। वहीं पीजी कोर्सेज में 24 अगस्त तक आवेदन लिए जाएंगे। इस बार कोविड 19 के प्रकोप की वजह से एंट्रेंस एग्जाम नहीं होंगे और मेरिट से प्रवेश होंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

## लविवि का लोक प्रशासन विभाग पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की नीतियों को उजागर करेगा

# अटल फॉर्मूला जनता तक पहुंचाएगी शोध पीठ

पहल

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सुशासन नीतियों को लखनऊ विश्वविद्यालय जनता के सामने लाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग ने इसकी पहल की है।

खास बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की तर्ज पर काम होगा। यहां अटल जी की नीतियों पर शोध होगा। विचारों पर अध्ययन, शोध और संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जाएगा। उनकी नीतियों को हर आम और खास तक पहुंचाने पर काम किया जाएगा। यह सारा काम विभाग में स्थापित की गई अटल सुशासन शोध पीठ में किया जाएगा।

**02** करोड़ उच्च शिक्षा विभाग ने पीठ के लिए दिए

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने सोमवार को विवि में लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष का पद संभालने के बाद इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के सुशासन के फॉर्मूले को केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है।



प्रो. मनोज दीक्षित ने लविवि में लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष का पद संभाला।

### एमपी सरकार के संस्थान को बनाया मॉडल

मध्य प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की स्थापना की गई है। प्रो. मनोज दीक्षित ने बताया कि यह एक बड़ा मॉडल है। इसे लखनऊ विश्वविद्यालय की अटल सुशासन शोध पीठ के माध्यम से यहां लाने का प्रयास किया जा रहा है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

# समाप्त हुई लखनऊ विवि में आवेदन की अंतिम तिथि

## 20 तक छात्रों को अपलोड करना होगा दस्तावेज, महाविद्यालयों में 31 तक मौका

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2020—21 शैक्षिक सत्र स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गयी। छात्रों के लिए इस बार 17 अगस्त अंतिम तिथि विस्तार की गयी थी, ऐसे में दोबारा तिथि बढ़ाने से विश्वविद्यायल प्रशासन ने इनकार कर दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गयी है इस संबंध में विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर एक सूचना भी जारी कर दी गयी है। उन्होंने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 1k ouniv.ac.in पर अब डाक्यूमेंट्स अपलोड करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गयी हैं।





**12वीं नंबरों के आधार पर तय होगी मेरिट:** स्नातक और स्नातक (मैनेजमेंट) कार्यक्रमों में मेरिट (12वीं के नंबरों) के आधार पर तय की जायेगी। इस बार हाईमेरिट वालों का ही विश्वद्यिालयों सीटों पर कब्जा होगा। चूकि सीबीएसई 12वीं, यूपी बोर्ड12वीं और आईसीएसई बोर्ड के परिणाम पहले ही जारी हो चुके हैं जिसमें सीबीएसई छात्रों के मेरिट काफी हाई है, इस स्थिति में यूपी बोर्ड के छात्रों के सामने चुनौती होगी।

**जल्द जारी होगी मेरिट :** अभी तक आवेदन करने वाले छात्रों की मेरिट लिस्ट बाद में जारी की जायेगी। इस बारे में डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभी डाक्यूमेंट्स अपलोड करने की प्रक्रिया 20 अगस्त तक चलेगी, उसके बाद सभी के डाक्यूमेंट्स में इंटर के नंबरों की गणना की जायेगी। उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट जारी करने से पहले सूचना दी जायेगी, फिर मेरिट का विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। मेरिट में आये छात्रों को ही विश्वविद्यालय में दाखिला मिलेगा।

**ये डाक्यूमेंट्स आवश्यकता अनुसार करने होंगे अपलोड :** 12वीं या अंडर ग्रेजुएट की मार्कशीट, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट, इनकम सर्टिफिकेट, एनसीसी सर्टिफिकेट, स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट, स्वतंत्रता सेनानी प्रमाण पत्र, विश्वविद्यालय कर्मचारी वार्ड प्रमाण पत्र, वार्ड ऑफ कॉलेज टीचर सर्टिफिकेट, रक्षा कार्मिक,आश्रित प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र।

**ऑनलाइन होगी कांउसलिंग :** विश्वविद्यालय की ओर से सभी स्नातक और स्नातक (मैनेजमेंट) प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसलिंग प्रक्रिया अपनाई जाएगी। छात्र कहीं से भी बैठकर काउंसलिंग में हिस्सा ले सकेंगे और प्रवेश की प्रक्रिया को संपन्न कर सकेंगे।

### लविवि : बचे हुए संकायों की परीक्षाएं 29 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला के चार संकायों के बचे हुए प्रवेश परीक्षाएं अब 29 को आयोजित होंगी। पूर्व की तरह, यह शेष प्रवेश परीक्षाएं केवल लखनऊ में केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। सभी आवेदकों को 19 अगस्त, से अपने एडमिट कार्ड फिर से डाउनलोड करने होंगे। एडमिट कार्ड पर विस्तृत समय और आवंटित परीक्षण केंद्र मुद्रित किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को कोविड महामारी के दौरान आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

### बीपीएड व एमपीएड की अंतिम तिथि 24 अगस्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीपीएड, एमपीएड और एमएड कार्यक्रमों में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त निर्धारित की गयी है। विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। वहीं 26 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित है।



### लविवि में रिकॉर्ड आवेदन

लविवि के स्नातक पाठ्यक्रमों में आवदेन की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो गई। दस्तावेज अपलोड करने के लिए 20 अगस्त तक मौका मिलेगा।स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस बार रिकॉर्ड आवेदन आए हैं। 3500 सीटों के सापेक्ष 50 हजार के करीब आवेदन हैं।